# लखनऊ को टक्कर देगा कुशीनगर का एयरपोर्ट

लखनऊ | मुख्य संवाददाता

## तैयारी

- लखनऊ से बंद अन्तरराष्ट्रीय उड़ानें कुशीनगर से संभव
- कुशीनगर में लखनऊ से ज्यादा उतरेंगें लंबी दूरी के विमान

नया कुशीनगर अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अपने लंबे रनवे के चलते राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट को टक्कर देने जा रहा है। राजधानी के एयरपोर्ट पर फिलहाल एक ही रनवे है, जो लम्बी दूरी के विमानों के लिए उपयुक्त नहीं है। जबकि कुशीनगर एयरपोर्ट का रनवे अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। ऐसे में उम्मीद है कि लखनऊ से बंद हो चुकी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कुशीनगर से शुरू की जा सकती हैं।

थाई स्माइल ने वर्ष 2016 में लखनऊ से बैंकाक के बीच सीधी उड़ान शुरू की थी। कुछ समय बाद यह बंद कर दी गई। इसी बीच स्कूट एयर ने सिंगापुर के लिए सीधी उड़ान शुरू की थी, जिसके अगले ही साल टाइगर एयर में विलय हो गया। कुछ समय तक अच्छे यात्री मिलने के बावजूद यह उड़ान बंद कर दी गई। इसके अलावा लखनऊ से काठमांडू के बीच सीधी विमान सेवा कुछ समय के लिए शुरू की गई थी। अब बौद्ध देशों के लिए उड़ान शुरू होगी तो इनमें थाइलैंड भी आएगा।